AMAR UJALA

Page No. 07 (my city) Date. 09th Nov 2019

'बैड मैन' ने कॉलेज में छात्रों का किया मनोरंजन

मुरादनगर। बॉलीवुड में बैड मैन के नाम से मशहूर अभिनेता गुलशन ग्रोवर ने शुक्रवार को आईटीएस डेंटल कॉलेज में अपने डायलॉग से स्टूडेंट्स का मनोरंजन किया। उन्होंने बताया कि जल्द ही उनकी तीन नई फिल्म सूर्यवंशी, सड़क 2, मुंबई सागा रिलीज होने वाली हैं।

समारोह में भाग लेते अभिनेता गुलशन ग्रोवर।

अभिनेता गुलशन ग्रोवर ने छात्रों से कहा जीवन में कठिन परिश्रम कर परीक्षाओं में अच्छे अंक लाएं। जीवन में पढ़ाई ही काम आती है। उन्होंने कहा कि हर फिल्म अभिनेता का लक्ष्य होता है कि वह एक अच्छा एक्टर बनकर सुपरस्टार बने। लेकिन आज तक किसी अभिनेता ने यह प्रयास नहीं किया कि वह सुपरस्टार बनने के बाद अपना किरदार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएं। जिससे भारतीय संस्कृति का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच सके। अभिनेता ने अपने फिल्मी डायलॉग 'माया तेरी पलट दूंगा काया', हम जरा दूसरे तरह के इंस्पेक्टर हैं, जैसे डायलॉग बोलकर छात्रों का मनोरंजन किया। उन्होंने छात्रों के सवालों के जवाब भी दिए। इस मौके पर संस्थान के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सूद, राजीव मल्होत्रा मौजूद रहे।

स्टूडेंट्स ने ली सेल्फी

गुलशन ग्रोवर के साथ चड्ढा पब्लिक स्कूल, आईटीएस डेंटल कॉलेज के स्टूडेंट्स, फैकल्टी, मैनेजमेंट के लोगों सेल्फी ली। सेल्फी लेने के लिए छात्र-छात्राएं क्रेजी रहे।

दैनिक
करंट क्राइम

Page No. : 02

Date: 09/11/2019

बॉलीवुड अभिनेता गुलशन ग्रोवर ने आईटीएस डेंटल कॉलेज में बोले डायलॉग - जिंदगी का मजा तो खट्टे में है

विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा किए, आगामी तीन फिल्मों के नाम बताएं

मुरादनगर (करंट क्राइम)। दिल्ली-मेरठ मार्ग असालतनगर स्थित आई.टी.एस. कॉलेज में बॉलीवुड जगत के मशहूर अभिनेता गुलशन ग्रोवर के आगमन पर विद्यार्थियों और अध्यापकों ने वार्तालाप की और अपने अनुभव को साझा किया। फिल्मी जगत के बेहतरीन कलाकार गुलशन ग्रोवर ने अपने बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर के विषय में अपना अनुभव बयान किया।

उन्होंने अपनी 3 नई बॉलीवुड फिल्में, सूर्यवंशी, सड़क 2 और मुम्बई सहगा जैसी बड़ी बेनर की आने वाली फिल्मों के बारे में सभी को जानकारी दी। इस वार्तालाप कार्यक्रम के दौरान गुलशन ग्रोवर ने विद्यार्थियों के अनुग्रह पर अपनी मशहूर फिल्मों के डायलॉग (माया तेरी तो मैं पलट दुगा बराबा, बेड़

मैन, डॉन्ट मेस विद मि, कबीरा स्पीकिंग, जिंदगी का मजा तो खट्टे मे है) आदि मशहूर डायलॉग सुनाये तथा सभी का मनमोह लिया। इस अवसर पर चड्ढा पब्लिक स्कूल के छात्रा ओं ने भी गुलशन ग्रोवर के साथ मुलाकात की तथा उनके साथ तस्वीरें भी खिचवाई। कार्यक्रम के अंत में गुलशन ग्रोवर ने आई.टी.एस - द एजूकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को यह अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया तथा सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कॉलेज के सभी विद्यार्थी फैकल्टी मेंबर व समस्त स्टाफ मौजूद रहा और बॉलीवुड जगत के मशहूर कलाकार गुलशन ग्रोवर के अनुभवों को ध्यान पूर्वक सुनकर भविष्य के प्रति सजग होने के लिए अनुभव का लाभ उठाया।

Dainik Jagran

Page No : II

Date: 09th Nov 2019

बैडमैन ने छात्रों को दी अच्छे जीवन की सीख

आइटीएस कॉलेज में कार्यक्रम में अभिनेता गुलशन ग्रोवर • सौजन्यः कॉलेज

संस, मुरादनगर : बैडमैन के नाम से मशहूर फिल्म अभिनेता गुलशन ग्रोवर का शुक्रवार को मुरादनगर के आइटीएस कॉलेज में आगमन हुआ। इस अवसर पर अभिनेता ने छात्रों के साथ अपने करियर व जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए और जीवन में ईमानदारी के साथ परिश्रम करने की सीख दी। आइटीएस कॉलेज के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के निमंत्रण पर अभिनेता गुलशन ग्रोवर आइटीएस कॉलेज के छात्रों से मिलने पहुंचे। दिग्गज अभिनेता को अपने बीच पाकर छात्रों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। गुलशन ग्रोवर ने भी छात्रों से अपने करियर व जीवन के अनुभव साझा किए। अभिनेता ने छात्रों से कहा कि जीवन में कभी भी शार्टकट द्वारा सफलता नहीं मिलती। सफलता के लिए ईमानदारी व धैर्य के साथ मेहनत करनी होती है। छात्रों के अनुरोध पर गुलशन ग्रोवर ने बैडमैन, माया जैसे अपने मशहूर संवाद भी सुनाए।

Hindustan (Hindi)

Page No. 04 (Gzb.) Date. 09th Nov 2019

गुलशन ग्रोवर के साथ सेल्फी लेने के लिए होड़

मुरादनगर। मेरठ रोड स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में शुक्रवार को बॉलीवुड बैडमैन अभिनेता गुलशन ग्रोवर ने अपने फिल्मी डायलॉग बोलकर छात्र छात्राओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गुलशन ग्रोवर ने नई फिल्म सूर्यवंशी, सड़क-2शीघ्र ही रिलीज हो रही हैं। अभिनेता गुलशन ने शुक्रवार को आईटीएस डेंटल कॉलेज में छात्र छात्राओं से रूबरू होते हुए कहा कि छात्र जीवन में कठिन परिश्रम कर परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करें। छात्रों के जीवन में पढ़ाई ही काम आएगी। अभिनेता ने फिल्मी डायलॉग माया तेरी पलट दूंगा काया जैसे डायलॉग बोलकर कॉलेज के सभागार में उपस्थित हजारों छात्र छात्राओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

दैनिक हिन्ट

Page No. : 06

Date: 09 Nov 2019

गुलशन ग्रोवर ने विद्यार्थियों से साझा किए अपने अनुभव

हिन्ट संवाददाता

मुरादनगर। आईटीएस कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बॉलीवुड के फिल्म अभिनेता गुलशन ग्रोवर ने अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों व अध्यापकों के साथ वार्तालाप की और अपने अनुभव को साझा किए। उन्होंने अपने बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर के विषय में अपना अनुभव बताए। उन्होंने अपनी तीन नई फिल्म सूर्यवंशी, सड़क-2 और मुम्बई सांगा के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान गुलशन ग्रोवर ने विद्यार्थियों के अनुग्रह पर अपनी मशहूर फिल्मों के डायलॉग भी सुनाए। इस अवसर पर चड्ढ़ पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने भी गुलशन ग्रोवर के साथ मुलाकात की तथा उनके साथ तस्वीरें खिंचवाई। कार्यक्रम के अंत में गुलशन ग्रोवर ने संस्थान के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढ़ को यह अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया तथा सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

Nav Bharat Times (Hindi)

Page No. 04 (Gzb.) Date 09th Nov 2019

डेंटल कॉलेज में पहुंचे गुलशन ग्रोवर

■ एनबीटी न्यूज, मुरादनगर : आईटीएस डेंटल कॉलेज में शुक्रवार को बॉलिवुड अभिनेता गुलशन ग्रोवर ने अपने डायलॉग से छात्र-छात्राओं का मनोरंजन किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि कठिन परिश्रम कर परीक्षाओं में अच्छे अंक लाएं। आखिर में शिक्षा ही काम आएगी। उन्होंने कहा कि हर अभिनेता का उद्देश्य होता है कि वह अच्छा अभिनेता बने। इस दौरान अभिनेता के साथ सेल्फी लेने लिए फैंस में होड़ रही। कार्यक्रम में अर्पित चड्ढा, सुरेंद्र सूद, राजीव मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

मनस्वी वाणी

Page No. 03

Date:- 09 .11 .2019

गुलशन ग्रोवर के साथ स्टूडेंट्स में सेल्फी की मची होड़

मनस्वी वाणी संवाददाता

मुरादनगर। मेरठ रोड स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में बॉलीवुड बैडमैन अभिनेता गुलशन ग्रोवर ने अपनी फिल्मी डायलॉग बोलकर छात्र छात्राओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गुलशन ग्रोवर ने अपनी नई फिल्म सूर्यवंशी, सड़क 2 वह मुंबई सागा शीघ्र ही रिलीज हो रही है। जिनके आने से फिल्म जगत में धमाल मचेगा। फिल्मी अभिनेता गुलशन ग्रोवर शुक्रवार को यहां आईटीएस डेंटल कॉलेज में छात्र छात्राओं से रूबरू होते हुए कहा कि छात्र अपने जीवन में कठिन परिश्रम कर परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त कर लाएं ।छात्रों के जीवन में पढ़ाई ही काम आएगी ।उन्होंने कहा कि हर फिल्म अभिनेता का उद्देश होता है कि वह पहले बॉलीवुड में प्रवेश करें फिर एक अच्छा एक्टर बने ।और फिर उसके बाद सुपरस्टार बने ।लेकिन आज तक किसी अभिनेता ने यह प्रयास नहीं किया कि वह भारतवर्ष में सुपरस्टार बनने के बाद अपना किरदार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखाएं। जिससे कि भारतीय संस्कृति का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच सकें। फिल्मी अभिनेता ने अपने फिल्मी डायलॉग माया तेरी पलट दूंगा काया, हम जरा दूसरे तरह के इंस्पेक्टर हैं,. जैसे डायलॉग बोलकर कॉलेज के सभागार में उपस्थित हजारों छात्र छात्राओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गुलशन ग्रोवर से छात्र छात्राओं ने कई प्रश्न पूछे जिसका बखूबी भी उन्होंने जवाब दिया। फिल्मी अभिनेता गुलशन ग्रोवर के साथ फोटो खिंचवाने वाले चड्ढा पब्लिक स्कूल, आईटीएस डेटल कॉलेज के छात्र छात्राओं फैकल्टीज मैनेजमेंट के लोगों में सेल्फी और फोटो खिंचवाने की होड सी लग रही थी ।इस अवसर पर संस्थान के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सूद, राजीव मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।